तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# रतन भूमि

रायपुर, बुधवार 8 अप्रैल 2026



11 सड़कों पर नंदी का खौफ, आस्था व सुरक्षा के बीच...



12 संगठन की मजबूती ही कांग्रेस पार्टी की असली...






## खबर संक्षेप



### आज कृषि उपज मंडी में लगेगा आध्यात्मिक शिविर

**गरियाबंद।** अंतर्राष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार जोधपुर के तत्वाधान में एक आध्यात्मिक/धार्मिक शिविर का आयोजन दिनांक 08 अप्रैल को नगर में आयोजित किया जा रहा है। आयोजनकर्ताओं के अनुसार सदगुरू देव परम पूज्य श्री निखिलेश्वरानंद जी का यह धार्मिक / अध्यात्मिक शिविर माता जी के जन्म दिवस के सुअवसर पर गरियाबंद नगर के कृषि उपज मंडी में आयोजित किया जा रहा है। आपको बता दें कि अंतरराष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार (जोधपुर) एक आध्यात्मिक/ धार्मिक संगठन है, जो मुख्य रूप से मंत्र, तंत्र, योग, साधना और गुरु-शिष्य परंपरा पर आधारित साधना मार्ग को प्रचारित करता है। यह एक आध्यात्मिक साधक संगठन है, जिसका मुख्य केंद्र राजस्थान के जोधपुर में माना जाता है। इसे आमतौर पर "निखिल मंत्र विज्ञान" से भी जोड़ा जाता है। इसके संस्थापक डॉ.नारायण दत्त श्रीमाली (परमहंस स्वामी निखिलेश्वरानंद) माने जाते हैं।

### पुरेना में राज्य स्तरीय मानस गान व्याख्यान समारोह 9 से 12 तक

**छुईहा बेलर।** ग्राम पुरेना में पनिहारिन दाई चौक में राज्य स्तरीय रामचरितमानस संगीतमय गान एव व्याख्यान समारोह 9 से 12 अप्रेल तक आयोजित किया गया है। ग्रामवासियों द्वारा यह नवम वर्ष है। आयोजन का शुभारंभ 9 अप्रेल को संध्या 4 बजे कलशयात्रा के साथ शोभायात्रा गांव में भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल में स्थापित की जायेगी। कार्यक्रम का मंच संचालक ग्वाला प्रसाद यादव पटखट राजनांदगांव होंगे। प्रथम दिवस शुक्रवार मानस मंडली पुरेना आल मित्र मानस परिवार हनईबंद, गण्डई (पनडरिया) सम्पूर्ण महिला मानस परिवार सिंधौरी खुर्द धमतरी, गोपेश्वर बाल सखा मानस परिवार बिहार बागबाहरा, स्वरांजली मान परिवार तुमाकला धमधा जय सरस्वती बालिका मान परिवार मड़ईभाठा (धमतरी) मां के ममता मानस परिवार चिल्हारी कांकेर श्री गुरु बैताल मान परिवार अरौद मगललोड, धमतरी स्वरांजली महिला मान परिवार भैसाकटदा कांकेर द्वितीय दिवस शनिवार मधु मारुति मानस परिवार गोजी धमतरी, भूमिजा महिला मानस परिवार गुड़ियारी , राममुख मानस परिवार नहरपुर अंतागढ, सरस्वती बालिका मानस परिवार कोकड़ी धमतरी, पारसमणी मास परिवार पुरानीबस्ती रायपुर, हरिओम महिला मानस परिवार बोरेन्दा पाटन, दाई के दुलार मानस परिवार कान्हारपुरी बालोद, अराधना बालिका मानस परिवार कुंदरुपारा (बालोद) तृतीय दिवस रविवार श्रीराम दास मानस परिवार बन्दोग (कबीरधाम), शेष पेज 10 पर

# एनएच पर कांग्रेस का चक्काजाम, पुलिया निर्माण और बैंक स्थापना की उठी मांग

**36 गांवों की कनेक्टिविटी और किसानों की सुविधा का मुद्दा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर/गरियाबंद

जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवभोग के नेतृत्व में सोमवार को नेशनल हाईवे पर जोरदार प्रदर्शन और चक्काजाम किया गया। क्षेत्र की दो प्रमुख जनहितकारी मांगों को लेकर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी सड़क पर उतर आए, जिससे घंटों तक यातायात बाधित रहा और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। आंदोलनकारियों ने प्रशासन के समक्ष दो मुख्य मांगें रखी हैं।

बेलाट नाला पर पुलिया निर्माण, यह नाला क्षेत्र के 36 गांवों को जोड़ता है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने बताया कि पुलिया न होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी होती है, विशेषकर बारिश के दिनों में इन गांवों का संपर्क मुख्यालय से कट जाता है। दूसरा झाखरपारा में सहकारी बैंक, झाखरपारा में जिला सहकारी बैंक की शाखा न होने से स्थानीय किसानों और ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं के लिए मीलों दूर जाना पड़ता है, जिससे उनका समय और धन दोनों बर्बाद होता है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा, विधायक जनक ध्रुव, भूपेंद्र मांझी, महेश्वर बघेल, कुंजल यादव, लोकेंद्र सिंह कोमर्रा, जिला महामंत्री सोदर कश्यप, राजेश तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गा चरण अवस्थी, नगर पंचायत अध्यक्ष जयकुमार यादव, उमेश डोंगरे, निराकार डोंगरे, रामकृष्ण ध्रुव, ललिता यादव, शेष पेज 10 पर



### मांगें पूरी नहीं हुई तो उग्र होगा आंदोलन : जनक ध्रुव

क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव ने कार्यकर्ताओं के साथ स्वर मिलाते हुए प्रशासन को कड़ा अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा कि जनता की बुनियादी जरूरतों की अनदेखी अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि समय रहते पुलिया निर्माण और बैंक स्थापना पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई, तो आगामी दिनों में कांग्रेस इससे भी उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। नेशनल हाईवे पर हुए इस प्रदर्शन में युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने भी अपनी ताकत दिखाई।

## हेरा-फेरी : जनरल वार्ड में भर्ती मरीज के नाम पर आईसीयू बिल

# आयुष्मान योजना में बड़े फर्जीवाड़े का आरोप सिर की चोट का इलाज, कागजों में निमोनिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़ागांव(कोरासी)

आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है, जिसने योजना की पारदर्शिता और क्रियान्वयन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उड़ीसा के नूवापाड़ा जिले की 56 वर्षीय महिला रामशिला मांझी के उपचार को लेकर परिजनों ने छुरा स्थित एक निजी अस्पताल पर लाखों रुपए की हेराफेरी का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार, 18 जनवरी को सड़क दुर्घटना में महिला के सिर में गंभीर चोट लगी थी, जिसके बाद उसे नूवापाड़ा जिला अस्पताल से उच्च स्तरीय उपचार के लिए रेफर किया गया। रेफरल दस्तावेजों में स्पष्ट रूप से सिर की चोट का उल्लेख है। इसके बाद 21 जनवरी को महिला को छुरा नगर स्थित श्री संकल्प मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में मरीज का इलाज सामान्य जनरल वार्ड में किया जा रहा था, जबकि दस्तावेजों में उसे आईसीयू में भर्ती दिखाकर लगातार बिल तैयार किए गए। इतना ही नहीं, सिर की चोट के उपचार के बजाय रिकॉर्ड में निमोनिया और अन्य बीमारियों का उल्लेख कर महंगी दवाइयों को दर्शाया गया। यह भी आरोप है कि डॉक्टरों द्वारा लिखी गई दवाइयों में हस्ताक्षर के बाद बदलाव कर अन्य दवाइयों को पास किया गया, जो मेडिकल एथिक्स का उल्लंघन है। इससे आयुष्मान योजना के पैकेज का दुरुपयोग कर आर्थिक लाभ लेने की आशंका जताई जा रही है।

**लाखों की हेराफेरी का आरोप**







**कार्रवाई की जाएगी : कलेक्टर**

जिला कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने कहा कि निजी अस्पताल में आयुष्मान कार्ड के तहत अनियमितता की शिकायत मिली है। स्वास्थ्य विभाग की टीम गठित कर जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। सीएमएचओ गरियाबंद यूएस नवरत्न ने बताया कि संबंधित अस्पताल को आईसीयू की अनुमति फरवरी माह में मिली है, जबकि मामला जनवरी का है। ऐसे में बिना अनुमति आईसीयू उपचार दर्शाना गंभीर जांच का विषय है। उन्होंने एक सप्ताह में जांच पूरी कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस पूरे मामले में वास्तविकता जानने के लिए जब अस्पताल प्रबंधन से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

### जांच में देरी पर भी उठे सवाल

बताया जा रहा है कि संबंधित अस्पताल पर पहले भी ऐसे मामलों में जांच लंबित है, जबकि अन्य अस्पतालों के मामलों में जल्द कार्रवाई हो चुकी है। इससे जांच प्रक्रिया और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**आयुष्मान के बावजूद वसूले पैसे-** परिजनों का कहना है कि आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क इलाज मिलना चाहिए था, लेकिन उनसे 8 से 10 हजार रुपए अतिरिक्त लिए गए। वहीं, केवल शेष पेज 10 पर

## चावल उत्सव के दावों की खुली पोल

# तीन माह तो दूर, एक महीने का राशन भी दुकानों में नहीं



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

प्रदेशभर में बड़े जोर-शोर से मनाए जा रहे "चावल उत्सव" की जमीनी हकीकत छुरा में पूरी तरह अलग नजर आ रही है। जहां सरकार अप्रैल से जून तक तीन माह का राशन एक साथ वितरित करने का दावा कर रही है, वहीं स्थानीय राशन दुकानों में अप्रैल माह का ही पूरा आबंटन नहीं पहुंच पाया है। वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद एवं राशन दुकान निगरानी समिति के अध्यक्ष सलीम मेमन ने स्थिति पर सवाल उठाते हुए बताया कि वे चावल उत्सव के दौरान वार्ड की राशन दुकान पहुंचे, जहां जानकारी लेने पर जय मां शीतला स्व सहायता समूह के अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि अभी केवल अप्रैल माह का चावल ही प्राप्त हुआ है। न तो शक्कर आई है और न ही चना। सलीम मेमन ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब एक माह का ही पूरा राशन उपलब्ध नहीं है, तो तीन माह का एक साथ वितरण कैसे संभव होगा। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं। उन्होंने आगे बताया कि राशन की कमी के चलते हितग्राही निराश होकर वापस लौट रहे हैं। स्थिति यह है कि एपीएल कार्डधारियों का राशन भी अब तक दुकानों तक नहीं पहुंचा है, जिससे आम लोगों में भारी असंतोष देखा जा रहा है। सलीम मेमन ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में साफ अंतर नजर आ रहा है। "तीन माह का राशन देने की बात तो दूर, एक माह का पूरा आबंटन भी नहीं हो पा रहा है," उन्होंने तंज कसते हुए कहा। इस दौरान चावल उत्सव में निगरानी समिति अध्यक्ष सलीम मेमन, सदस्य पंचराम टंडन, गिरवर लहरे, सेल्समैन अलका यादव एवं बजरंग पांडे उपस्थित रहे।

# कलेक्टर उइके ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा

जिला कार्यालय के सभाकक्ष मे मंगलवार को जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आवेदन करने आये। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्या और उनके समाधान का निराकरण भी किया गया। कलेक्टर उइके ने जनदर्शन में 36 लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में क्षेत्र के नगर पंचायत कोपरा के वासुदेव साहू ने ईलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने, ग्राम तरीघाट की कांति बाई ने बंदोबस्त त्रुटि सुधार कराने, ग्राम पंचायत छुईहा के ओमकुमार पीएम आवास योजना की दूसरी किस्त राशि दिलाने के लिए, ग्राम सहसपुर की सीताबाई साहू ने पीएम आवास योजना स्वीकृत कराने आवेदन सौंपा। रोशन साहू ग्राम कसेरुडीह ने नहर लाइनिंग बनाने आवेदन सौंपा




जनदर्शन में मिले 36 आवेदन

इस पर कलेक्टर उइके ने नागरिकों की समस्याओं सुनकर उनके निराकरण के लिए अधिकारियों आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# कारीगरों पर मंडराने लगा संकट खतरे में कृषि यंत्रों का व्यवसाय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

अंचल में कृषि यंत्रों पर आधुनिकता की मार छाईं हैं। जिसकी वजह कारीगरों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। कभी इन्हीं कृषि यंत्रों को बनाकर अपना परिवार चलाने वाले गिनती के कारीगर बचें है। परंपरागत रूप से हाथों से चलाए जाने वाले कृषि उपकरणों की जगह अब डीजल, पेट्रोल से चलने वाली मशीनों ने ले लिया है। लोहे को पीटकर तराश कर कृषि यंत्रों का रूप देने वाले मेहनतकश लोहार जाति समय के साथ अपने परंपरागत कौशल एवं व्यवसाय से दूर होती जा रही है। इनके द्वारा बनाये गये लोहे के औजार आज भी आधुनिक मशीनों से बनें औजारों की तुलना में ज्यादा मजबूत और उपयोगी होते हैं। कोयले और भट्टी की मदद से लोहे को सुंदर आकार देकर इनके द्वारा बनाये गये कृषि औजार को खरीदने वाले लोगों की संख्या निरंतर घट रही है।



गौरतलब है कि कृषि यंत्र आजकल बाजार में सस्ते दामों पर अनेक डिजाइन में मिल जाते हैं और यह आकर्षक भी दिखते हैं। सीमित साधनों के कारण लोहारों द्वारा बनाए गए औजार मजबूत और टिकाऊ तो होते हैं किन्तु कम मात्र में बनाए जाने की शेष पेज 10 पर

# प्रथम आईएएस संजय का राजिम में होगा सम्मान

**राजिम।** तहसील स्तरीय सतनामी समाज परिक्षेत्र राजिम के तत्वावधान में सतनामी समाज के गौरव एवं प्रथम आईएएस अधिकारी संजय डहरिया के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन 9 अप्रैल गुरुवार दोपहर 1 बजे गुरु घासीदास मंदिर



परिसर, राजिम में किया जा रहा है। इस गरिमामय कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधि, युवा वर्ग एवं क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज के बीच शिक्षा, संघर्ष एवं सफलता के प्रेरणास्त्रोत बने संजय डहरिया के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को सम्मानित करना तथा युवाओं को उच्च प्रशासनिक सेवाओं की ओर प्रेरित करना है। कार्यक्रम में विभिन्न अतिथियों द्वारा श्री डहरिया का पुष्पमालाओं, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया जाएगा। साथ ही समाज के वरिष्ठजनों द्वारा उनके जीवन संघर्ष, उपलब्धियों एवं समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने जानकारी शेष पेज 10 पर

## सुधार के लिए रात भर जंगलों में डटे हैं बिजली कर्मचारी

# भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट ने बढ़ाई मुश्किलें लो-वोल्टेज और बिजली कटौती से जन-जीवन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

अभी गर्मी ने दस्तक दिया है और गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के लाखों लोग बिजली की समस्या से जूझने लगे हैं, लो वोल्टेज के चलते क्षेत्र की जनता परेशान हो गई है लो वोल्टेज की स्थिति इतना खराब है कि पंखा, मिक्सी, वाशिंग मशीन, फ्रीज, टीवी जैसे इलेक्ट्रानिक सामाग्री चल नहीं पा रहे है और तो और मोटरपंप नहीं चलने से नलजल योजना पूरी तरह प्रभावित हो गई है। ओवरहेड टैंक पूरी तरह पानी नहीं भर पाने के कारण नगर व क्षेत्र के कई ग्रामों में पेयजल



की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है और तो और सरकारी दफ्तरों में कम्प्यूटर फोटोकापी मशीन नहीं चल पा रहे हैं। शासकीय कार्य



बाधित हो रहा है, सरकारी अस्पताल मैनपुर में एक्स-रे मशीन लो वोल्टेज के कारण नहीं चल पा रहे हैं। मरीज परेशान है मजबुरन अधिक पैसा खर्च कर गरियाबंद रायपुर एक्स-रे कराने जाने मजबुर हो रहे है तो वहीं हालर मील, फोटोकापी की दुकान, फोटो स्टुडियो, इलेक्ट्रानिक दुकाने पुरी तरह प्रभावित हो गया है लेकिन इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है। मैनपुर नगर सहित पूरे क्षेत्र में बिजली ने कहर ढाना शुरू कर दिया है बिजली किसी भी समय बंद हो जाने से लोग बेचैन हो गये है, आलम यह है कि क्षेत्र में कब बिजली बंद हो जाये और कब बहल होगी बताने वाला कोई नही है जिसके चलते क्षेत्र के लोगो में आक्रोश दिखाई दे रहा है, आदिवासी क्षेत्रों में बिजली शेष पेज 10 पर


WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply

Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com

Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप



### बैंकिंग छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित

**मैनपुर।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा द्वारा विभिन्न विद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर में भी व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित है, जिसके अंतर्गत व्यावसायिक विषय बैंकिंग फाइनेंशियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस बीएफएस के 11वी एवं 12वी के विद्यार्थियों ने राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशानुसार, विद्यालय के व्यावसायिक प्रशिक्षक चंद्रिका शंकर साहू के मार्गदर्शन में 10 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम, शौर्य कंप्यूटर एजुकेशन मैनपुर एवं ग्राहक सेवा केंद्र, शाखा-पंजाब नेशनल बैंक, मैनपुर में सम्पन्न किया गया। इसके पश्चात एक गरिमामय समारोह विद्यालय में आयोजित कर इंटर्नशिप पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरीत किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य अमृतलाल साव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव आज के समय की मांग हैं। इस इंटर्नशिप के माध्यम से बच्चों ने बैंक की कार्यप्रणाली, टीमवर्क, समय प्रबंधन, अनुशासन, आज के समय में वित्तीय साक्षरता, वित्तीय नियोजन एवं व्यावसायिक विषय के महत्व को जाना है, जो उनके उज्वल भविष्य के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर जिडार स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक आशिफ खान ने कहा कि आज के समय में प्रायोगिक ज्ञान बहुत आवश्यक है, उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप जैसे कार्यक्रम आयोजन करने से बच्चों का सवांर्गीण विकास संभव हो पाता है।आज के समय में व्यावसायिक पाठ्यक्रम भविष्य में रोजगार के लिए बहुत लाभदायक होगा। प्रमाण पत्र पाकर विद्यार्थी बहुत खुश एवं उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक गोविंद राम परस, गोविंद पटेल एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### लाइनिंग निर्माण के लिए जनदर्शन में सौंपा आवेदन

**कोपरा।** ग्राम सहसपुर के आश्रित ग्राम कसेरुडीह निवासी युवा नेता सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल साहू ने मंगलवार को गरियाबंद कलेक्टर जनदर्शन में जल संसाधन विभाग को कशेरुडीह नहर नाली निर्माण शाखा क्रमांक 220 को लाइनिंग सीसी कराने आवेदन सौंपा। साहू ने आगे बताया कि कलेक्टर व जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ करते हुए कसेरुडीह में सिकासार जलाशय से नहर शाखा क्रमांक 220 माइनर कसेरुडीह शाखा से सिंचाई किया जाता है, जिसमे कुछ भागों पर नहर लाइनिंग हो चुका है और 60 से 100 चैन लाइनिंग बाकी है यह कच्ची नाली 50 से 60 वर्ष पूर्व बनी हुई है जो कि पूर्णतः जीर्ण हो चुका है पानी इधर उधर बहकर बह जाता है, खेतों में पानी नहीं पहुंच पाता है जिसके कारण सिंचाई करने में असुविधा होती है।

# सड़क किनारे संचालित शराब दुकान हटाने की मांग, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम पंचायत बासीन में मुख्य मार्ग पर स्थित शासकीय शराब दुकान को हटाने के लिए ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। साल 2018 से जारी इस संघर्ष में अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीणों ने कलेक्टर और आबकारी विभाग को आवेदन सौंपकर स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द दुकान स्थानांतरित नहीं की गई, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। फिंगेश्वर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम बासीन में स्थित मुख्य सड़क किनारे संचालित शराब दूकान को सर्वप्रथम बंद करने का मांग किया गया था लेकिन प्रशासन द्वारा सरकार का हवाला देकर बंद नहीं होना बताया गया लेकिन बंद नहीं होने की स्थिति में दुकान को सड़क किनारे से कहीं और दूसरे जगह स्थानांतरित करने का आश्वासन विभाग द्वारा दिया गया था जिसमें आसपास सभी गांव के ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि सहमति के साथ आंदोलन बंद किया गया था लेकिन दुकान को हटाने की मांग ग्राम वासियों द्वारा लगातार 2018 से की जा रही है जिसके लिए एक बार धरना प्रदर्शन भी किया जा चुका है उस धरना प्रदर्शन के दरमियान जिला प्रशासन द्वारा ग्राम वासियों को प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया था कि 1 महीने के अंदर टेंडर की प्रक्रिया शुरू किया जाएगा इसके पश्चात उस शराब दुकान को वहां से हटाकर दूसरे जगह हटा दिया जाएगा तब से लेकर आज तक आश्वासन के सिवा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुआ है। ग्राम वासियों की मांग अनुसार लगातार आसपास गांव कि सरपंच एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा उसे वहां से हटाने की मांग किया जा रहा है 10 से 15 बार आवेदन देने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से इस बार जनप्रतिनिधि के साथ–साथ नाराज ग्रामीणों ने एक बार फिर जिलाधीश कलेक्टर एवं जिला आबकारी विभाग का दरवाजा खटखटाया है। इस मामले को लेकर अब ग्रामीणों का आक्रोश भी लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्राम बासीन के मुख्य मार्ग जहां पर अब पोखरा से कोपरा चौड़ीकरण सड़क भी निर्माण हो रहा है,उस जगह शराब दुकान का संचालन हो रहा है जिसका यह विरोध ग्रामीणो द्वारा किया जा रहा है।

### केवल आश्वासन मिला



इस मामले को लेकर ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से गरियाबंद कलेक्टर और जिला आबकारी अधिकारी को आवेदन सौपा है जिसमे सड़क किनारे संचालित कंपोजिट अंग्रेजी एवं देसी शराब दुकान को हटाने की मांग की है। सरपंच गंगाबाई ओगरे ने बताया कि आबकारी विभाग को कई बार आवेदन देने के बावजूद सिर्फ आश्वासन मिलता है लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।उन्होंने बताया कि विरोध प्रदर्शन के बाद पहले भी दुकान को सड़क से 400 मीटर दूर हटाने की बात कही गई थी लेकिन इस बात पर अब तक अमल नहीं किया गया। मुख्य सड़क किनारे संचालित शराब दुकान को हटाने के लिए ग्राम पंचायत सरपंच रक्सा,पोखरा पेंड्रा, बरभाठा, अरंड बकली, हथखोज, रोहिणा, पितईबंद के साथ साथ आसपास गांव के ग्राम पंचायत सरपंच एवं जनपद सदस्य बकली के श्रीमति पूजा मुकेश भारती, जनपद सदस्य बासीन रोशन डहरिया, जनपद सदस्य बोरसी दिनेश साहू, जनपद सदस्य बेलर टहल राम साहू और जिला सदस्य इंद्रजीत महाडिक भी समर्थन दे रहे हैं।

**उन्नत खेती :** जिले के किसान अब कम पानी में तैयार होने वाली फसलों को प्राथमिकता दे रहे

# धान की जगह दलहन-तिलहन से लहलहा रहे खेत, 64 हजार हेक्टेयर में बदली खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

भीषण गर्मी के इन दिनों में गरियाबंद जिले के वनांचल क्षेत्र मैनपुर, अमलीपदर, गोहरापदर, उरमाल, देवभोग, शोभा, गोना, कुचेंगा, धवलपुर, नवागढ़, जोबा सहित पूरे जिले मे दलहन तिलहन की फसल लहलहा रही है 2-3 साल मे खेती का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है कभी रबी के मौसम मे धान की फसल पर निर्भर रहने वाले किसान अब घटते भूजल स्तर और बढ़ती लागत के चलते परंपरागत खेती से हटकर वैकल्पिक फसलो की ओर अग्रसर हो रहे है यही कारण है कि अब क्षेत्र मे मुंग, उड़द, मूंगफली, सरसों, मकका, चना, मटर, मसूर, कुल्थी, तिवड़ा, सूरजमुखी, गेंहू और सब्जियो जैसी दलहन तिलहन और कम पानी मे तैयार होने वाले फसलो का रकबा बड़ रहा है। जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले मे 64 हजार 651 हेक्टेयर मे दलहन तिलहन की फसल लहलहा रही है पिछले कुछ वर्शो मे भूजल स्तर मे लगातार गिरावट सिंचाई के लिए पानी की कमी ओर वोल्टेज की समस्या ने इस व्यवस्था को प्रभावित कर दिया है गर्मी मे पर्याप्त पानी नही मिलने के कारण हर वर्श धान की फसल बड़ी मात्र मे सुखकर नष्ट हो जाती है जिससे किसानो को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है साथ ही सालभर मे लगातार धान की फसल लेने से अत्यधिक रासायनिक खाद की जरूरत पड़ती है रासायनिक खाद से मिट्टी कठोर एवं उर्वराशक्ति भी कमजोर होती जा रही है। वैज्ञानिक के अनुसार ये फसले प्रति हेक्टेयर 25 से 60 किलोग्राम तक नाइट्रोजन मिट्टी से जोड़ती है जिससे अगली फसल को प्राकृतिक पोशण मिलता है जिससे 20 से 30 प्रतिशत तक रासायनिक खाद यूरिया की मात्र मिलने से कम रासायनिक खाद डालना पड़ता है इन्ही परिस्थियो ने किसानो को नई राह तलाशने को प्रेरित किया है वही दलहन तिलहन फसल को बढ़ावा देने के लिए राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा अनेक योजनाएं भी चलाई जा रही है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार धान की तुलना में दलहन फसले कई दृष्टि अधिक लाभकारी है जहां धान की फसल को अधिक पानी और समय की आवश्यकता होती है। वहीं मूंग और उड़द जैसी फसले कम अवधि में कम पानी मे तैयार हो जाती है इससे न केवल लागत घटती है बल्कि किसानों को जल्दी आय भी प्राप्त होती है।



### 64,651 हेक्टेयर में दलहन-तिलहन का दबदबा

मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले मे चना 10912 हेक्टयर, मटर 4180 हेक्टेयर, मसूर 1795 हेक्टेयर, मूंग 9152 हेक्टेयर, उड़द 1296 हेक्टेयर, कुल्थी 4430 हेक्टेयर, तिवड़ा 8658 हेक्टेयर, गेंहू 2462 हेक्टेयर, मक्का, 8410 हेक्टेयर, सरसों 4056 हेक्टेयर, अलसी 860 हेक्टेयर, तिल, 45 हेक्टेयर, सूरजमुखी 10 हेक्टेयर एवं मूंगफली 4150 हेक्टेयर मे फसल ली जा रही है। किसान रामे"वर ठाकुर, भरत ध्रुव, देवीसिंग ठाकुर, रामजी साहू ने बताया धान के जगह मूंग, उड़द की फसल ले रहे है मूंग की फसल कम पानी मे 60 से 70 दिनो मे तैयार हो जाती है और उत्पादन भी संतोशजन मिलता है इसी तरह अन्य किसानो ने भी इसके फायदे ही बताए है।

### समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही

गरियाबंद कृशि विभाग के उपसंचालक चंदन राय ने बताया की विभाग द्वारा किसानों को प्रोत्साहित करने उन्नत बीज तकनीकी मागदर्शन और समय-समय पर प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। श्री राय ने आगे बताया की समर्थन मूल्य पर खरीदी किया जा रहा है। राज्य शासन की कृशक उन्नति योजना से भी किसान प्रभावित हुए है।

### मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार

मैनपुर वरिष्ठ कृषि अधिकारी जी के ठाकुर के अनुसार इस वर्ष ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर बड़े पैमाने पर वैकल्पिक फसले किसान ले रहे है जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिला है और मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है यदि किसान फसल चक्र को अपनाते रहे तो आने वाले वर्षों में न केवल भूजल स्तर पर दबाव कम होगा बल्कि खेती अधिक टिकाउ लाभकारी और पर्यावरण के अनुकुल बन सकेगी। बहरहाल जिले में दलहन तिलहन फसलों की ओर बढ़ता रूझान एक सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है।



### ममता नायक ने जीता मलिका-ए-दिल 2026 का खिताब

**मैनपुर।** जेसीआई रायपुर राइस सिटी द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम मलिका-ए-दिल 2026 सफलतापूर्वक एवं भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस आयोजन में प्रतिभागियों की शानदार भागीदारी, उत्कृष्ट प्रतिभा तथा उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली, जिसने कार्यक्रम को अत्यंत गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम में छह विशिष्ट जूरी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता का संचालन पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ किया गया, जिसमें जजों के मूल्यांकन के साथ-साथ जन-सहभागिता-जैसे व्यूज, लाइक्स, शेयर एवं रीपोस्ट्स-को भी समुचित महत्व दिया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की विजेता सुश्री ममता नायक रहीं, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, आकर्षक व्यक्तित्व एवं आत्मविश्वास के बल पर सभी प्रतिभागियों में विशेष पहचान बनाई और यह सम्मान अपने नाम किया। विशेष सम्मान स्वरूप उन्हें जेसीआई रायपुर राइस सिटी की मैगजीन मॉडल के रूप में भी लॉन्च किया गया। विशेष सम्मान स्वरुप उन्हें जेसीआई रायपुर राइस सिटी की मैगजीन मॉडल के रूप में भी लॉन्च किया गया। जेसीआई रायपुर राइस सिटी द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम मलिका-ए-दिल 2026 सफलतापूर्वक एवं भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस आयोजन में प्रतिभागियों की शानदार भागीदारी, उत्कृष्ट प्रतिभा तथा उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली, जिसने कार्यक्रम को अत्यंत गरिमामय बना दिया। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह, समर्पण एवं प्रतिभा के साथ प्रतियोगिता में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



# अंतरराष्ट्रीय मंच पर मो. आसिफ ने बढ़ाया देश का मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

ग्राम रसेला से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुँचने वाले कला साधना के संस्थापक श्री मो. आसिफ हुसैन ने एक बार फिर देश का मान बढ़ाया है। उनके नेतृत्व में भारतीय कलाकारों के दल ने थाईलैंड के महासाराखाम विश्वविद्यालय में आयोजित 4वां इंटरनेशन कॉन्फ्रेंस ऑन सस्टेनेबल डेवलपमेंट ऑफ आर्ट एंड कल्चर एवं 3वां टरनेशन फेस्टिव ऑफ डांस में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उनके साथ राजेंद्र कुमार, तोषिता असाटी, मधुश्मिता पॉल और एक्कलक नू नगियोन भी सम्मिलित रहे। सभी कलाकार सहायक प्रोफेसर डॉ. मेदिनी होंबल के निर्देशन में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से प्रशिक्षित हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में कला और संस्कृतिः सृजन की नई परिभाषा विषय पर हुए इस सम्मेलन में श्री आसिफ हुसैन के नेतृत्व में भारतीय दल की प्रस्तुतियों और अनुशासन की आयोजकों ने विशेष सराहना की। रसेला जैसे छोटे गाँव से निकलकर वैश्विक मंच तक का यह सफर युवाओं के लिए प्रेरणा है कि समर्पण और गुरु-आशीर्वाद से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

# राजनीति सेवा के लिए है : चंदूलाल साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम



भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर राजिम मंडल के बूथ क्रमांक 107 नवाडीह में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व सांसद एवं राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि भाजपा दल नहीं, विचारधारा है, यहां राष्ट्र प्रथम की अवधारणा से कार्य किया जाता है। श्री साहू ने बताया कि अटल जी ने कहा था, अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। आज लगभग पूरे देश में भाजपा की सरकार है, और विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी है। पंचायत से लेकर संसद तक बीजेपी का कार्यकर्ता प्रतिनिधि होना चाहिए, जिसके लिए हम सबको पार्टी में निरंतर काम करना होगा। मोदी जी ने कहा है कि हम राजनीति में सेवा करने के लिए आए हैं, और यह सेवा कार्य एक महायज्ञ है जो निरंतर चलना चाहिए। 2047 तक हमारा भारत देश पूर्ण विकसित राष्ट्र बनेगा, और इसके लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। आइए, हम सभी मिलकर भाजपा को और भी मजबूत बनाएं और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू ने कहा कि भाजपा भारत की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में से एक है, जिसने देश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसकी स्थापना 1980 में हुई थी और तब से यह पार्टी राष्ट्रवाद, विकास और सुशासन जैसे मुद्दों को लेकर आगे बढ़ती रही है। भाजपा की विचारधारा मुख्य रूप से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर आधारित मानी जाती है। इस अवसर पर महामंत्री जितेंद्र पेंदरिया, भारत सिन्हा, कमल देवांगन, लोकेश सोनी, मीणा ध्रुव, शैलेंद्र साहू, युवराज साहू, ऋषि दुबे, भागवत साहू, शिव साहू, ईश्वर साहू, रामनारायण यादव, रामजीवन साहू, दुकालू साहू, रामनाथ, झारूराम साहू, रणवीर साहू, राकेश धीवर, राधेश्याम सोनी, डोमार सिंह ध्रुव, यथार्थ शर्मा, राजेंद्र साहू, मनीष साहू, लक्ष्मी साहू, शांति साहू, नोमिका साहू, कुमारी साहू, देवेंद्र यादव, लीकेश्वर साहू, प्रहलाद साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जनक ध्रुव ने खजुरपदर में निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन, जर्जर भवनों पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर



बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने मंगलवार को क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा ग्रामों में पहुंचकर जहां सघन जनसंपर्क किया वही कई निर्माण कार्यो का भूमिपूजन भी किया। स्कूल आश्रम छात्रवास तथा आंगनबाड़ी केन्द्रो का निरीक्षण कर अव्यवस्थाओ पर जमकर नराजगी जताई। बिन्द्रानवागढ़ विधायक ने खजुरपदर मे निर्माण कार्यो का भूमिपूजन करने पहुंचे तो ग्रामीणों ने गाजेबाजे के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया। इस दौरान श्री ध्रुव ने कहा की क्षेत्र के विकास कार्यो के लिए उनके द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। जहां भी जो समस्याएं है उन समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। श्री ध्रुव ने कहा की पुल पुलिया सड़क स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल व बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने लगातार मंत्रियों से मूलाकात कर क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्यो के लिए बजट लाया जा रहा है। इस दौरान मैनपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, देवभोग ब्लॉक भुपेन्द्र मांझी, अमलीपदर ब्लॉक अध्यक्ष ललिता यादव, सूरज यादव एवं कांग्रेसजन उपस्थित थे।

जर्जर आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण कर नया भवन निर्माण करवाने का आश्वासन क्षेत्र के दौरे के दौरान विधायक जनक ध्रुव ने कई स्कूल, आश्रम, छात्रवास, आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया इस दौरान छात्र छात्रओ से उन्होने चर्चा किया कई जगह पेयजल, शौचालय जैसे समस्या से अवगत कराया गया तो वही जर्जर आंगनबाड़ी पर नराजगी व्यक्त करते हुए जिले के अधिकारियो से चर्चा कर नया आंगनबाड़ी भवन निर्माण का आ"वासन दिया है।

## पेज 9 के शेष...

### एनएच पर कांग्रेस...

मानसिंह दुर्गा, सांदो धुर्वा, राजकुमार प्रधान, गोवर्धन प्रधान, मंडल अध्यक्ष बालकृष्ण मोंगराज, सूर्यकांत सिंदुर, पार्षद दमयंती सोनी, अरुण कुमार सोनवानी, दिवाधर चुरपाल और भंवर सिन्हा। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से ज्ञापन लिया और उच्च अधिकारियों तक मांग पहुंचाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

### पुरेना में राज्य स्तरीय...

प्रतिभा महिला मानस परिवार पुर्णमटोला (छुरिया) चंचल मानस परिवार टोनाटार (बलौदाबजार), अध्दा महिला मानस परिवार कचना (भखारा), अच्दा मानस परिवार करम पटपर (उड़ीसा) मां के ममता बालिका मानस परिवार नवागढ़ (बेमेतरा) ममतामयी महिला मानस परिवार अरौद (धमतरी) प्रचंड महाकाली मानस परिवार केंवटीनटोला (कांकेर) इत्यादि मानस मंडली अपनी मंचस्थ प्रस्तुति देंगे।

### आयुष्मान योजना...

10 दिनों में 90 हजार से 1 लाख रुपए तक की राशि योजना के तहत निकालने का आरोप लगाया गया है।

**आईसीयू मरीज को 50 किमी दूर ले जाने पर सवाल-** मामले में एक और गंभीर तथ्य सामने आया है कि आईसीयू में भर्ती दर्शाए गए मरीज को लगभग 50 किलोमीटर दूर राजिम-नयापारा क्षेत्र में सीटी स्कैन और अन्य जांच के लिए ले जाया गया। परिजनों के अनुसार, इस दौरान कोई उन्नत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं थी, जो मरीज की जान के साथ जोखिम माना जाता है।

### कारीगरों पर मंडराने...

वजह से इनकी लागत अधिक होती है। आज से 10 से 15 वर्ष पहले जो हंसिया 40 -50 रूपए में बेचा करते थे आज वह 80 में बेच रहे हैं। जबकि घर पर एक हंसिया का निर्माण करने के लिए 50 रूपए का खर्च आता है। वहीं बाजार में इससे सस्ते दर पर आसानी से मिल जातीं हैं। वर्तमान में कृषि औजार बनाने वाले का कारोबार करने वाले लोग आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं। रसेला के कारीगर इतवारू राम विश्वकर्मा ने बताया कि उनके दादा, पिता भी कृषि औजार बनाने का भी कार्य करते थे। आज के समय में इस परंपरा कौशल और व्यापार को बचाना बड़ी चुनौती है। क्योंकि पहले की तुलना में ग्राहकी कम हो गई है। निर्माण लागत बढ़ गई है। और मेहनत की तुलना में आमदनी न के बराबर है। सरकार को चाहिए कि परंपरागत व्यवसाय को प्रोत्साहन दें।

### प्रथम आईएएस संजय...

देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम समाज के लिए गौरव का क्षण है और इससे नई पीढ़ी को शिक्षा एवं सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष हेमंत सांग, संरक्षक डॉ. आनंद मतावले गुरुजी, अध्यक्ष तुलेश्वर घृतलहरे, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश मांडरे, सचिव सुघरमल आड़े, कोषाध्यक्ष विष्णु जांगड़े, सलाहकार सरपंच प्रतिनिधि पितईबंद सहदेव बंजारे, राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष गण कोमल ढीढ़ी, नेमीचंद बंजारे, किरण टंडन, सनत चेलक, गोपचंद बेनर्जी, दूजलाल बंजारे, मुन्ना कुर्रे, ज्ञानिक गायकवाड़, युवा समाज सेवक पत्रकार थानेश्वर बंजारे, देवप्रसाद बघेल, प्रेमदास मार्कण्डेय, कमलेज बघेल सहित सभी पदाधिकारी एवं समाज के लोग मौजूद रहेंगे।

### भीषण गर्मी के...

व्यवस्था अभी से चरमराने लगी है।

**लोड बढ़ने के कारण तार टूट रहे-** मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में गर्मी लगते ही लोड बढ़ने के कारण बार-बार बिजली के तार टूट रहे हैं और बिजली बंद हो जा रही हैं। वहीं कई जगह क्षेत्र में लगाए गए बिजली के तारे दशकों पुराने होने के कारण लोड़ नहीं ले पा रही हैं और बार-बार तार टूटने से बिजली कटौती की समस्या बढ़ गई है। जंगल क्षेत्र होने के कारण विभाग को भी रात में बिजली के फाल्ट ढुंढने में दिक्कते आ रही है तो संवेदनशील क्षेत्र में रात के अंधेरे में जान जोखिम में डालकर बिजली सुधार कार्य में विभाग के अधिकारी कर्मचारी नजर आते है। क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, शाहिद मेमन, पारेश्वर नेगी, गेंदु यादव, शिव त्रिपुढ़े, रूदेश्वर साहू व ग्रामीणो ने बताया अभी गर्मी ठीक से प्रारंभ नहीं हुआ है और लो वोल्टेज के चलते जनता व किसान परेशान हो गये है खेतो मे ट्यूबवेल नही चलने के कारण फसल सुख रहा है धान की फसल को पानी की जरूरत रहती है लेकिन मोटरपंप नही चल पा रहा है वही कई गांवो मे मोटरपंप नही चल पाने के कारण ओवरहैंड टैंक मे पानी नही भर पा रहा है और लोगो को पेयजल के लिए भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**व्यवस्था को दुरुस्त कर रहे-** बिजली विभाग मैनपुर के अधिकारी संजीव बंजारे ने बताया की जल्द ही व्यवस्था ठीक हो जाएगी। लोड सेंटिंग कार्य किया जा रहा है उन्होने बताया लगातार आंधी तूफान बारिश की वजह से जगह-जगह बिजली के खंभे और तार टूट रहे हैं। विभाग के अधिकारी कर्मचारी रात मे भी जंगल के भीतर कार्य कर रहे हैं पूरी कोशिश किया जा रहा है कि लोगों को कोई परेशानी न हो।

## खबर संक्षेप



### गुरू बने सब इंस्पेक्टर

**नवापारा-राजिम।** शहर के वार्ड नं 18 बगदेही पारा निवासी श्रेय कुमार गुरु पुलिस सब इंस्पेक्टर बने। उनका प्रारंभिक शिक्षा परमेश्वरी शिशु मंदिर तर्री में हुआ। स्नातक की पढ़ाई शास राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम से किया। उन्होने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता तथा गुरुजनों को दिया। उन्हें वर्दी में देखकर परिवार के सदस्य गौरवान्वित हुए तथा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

### चवन लाल बने रायपुर ग्रामीण भाजपा अजा मोर्चा के जिला सहप्रभारी

**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा छत्तीसगढ़ में संगठनात्मक विस्तार के तहत महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। इसी क्रम में देवभोग क्षेत्र से युवा भाजपा नेता चवन लाल बघेल को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा रायपुर ग्रामीण जिला सहप्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।



यह नियुक्ति प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति से मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने जिला प्रभारी एवं सहप्रभारियों की घोषणा की है। ज्ञात हो कि चवन लाल बघेल पूर्व में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रह चुके हैं। इसके अलावा वे पूर्व सांसद प्रतिनिधि, धमतरी के पूर्व जिला प्रभारी, गरियाबंद के पूर्व जिलाध्यक्ष तथा गाड़ा समाज के प्रखर प्रवक्ता और समाज संदेशवाहक के रूप में भी सक्रिय रहे हैं। वे पंचायत वैकल्पिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनकी संगठनात्मक क्षमता, सक्रियता, उत्कृष्ट कार्यशैली और मीडिया के प्रति उनकी समझ को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह दायित्व सौंपा है।

### संकुल केंद्र बिजली में आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षा संपन्न



**फिंगेश्वर।** संकुल केन्द्र बिजली के समस्त परीक्षा केंद्रों में इस वर्ष केंद्रीयकृत आठवीं की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। केंद्रीयकृत परीक्षा के दौरान प्रशासन एवं विद्यालय परिवार द्वारा समुचित व्यवस्था की गई जिससे विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। केंद्रीकृत परीक्षा के दौरान समय–समय पर विकासखंड स्तरीय टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। संकुल प्राचार्य रामनारायण मिश्रा ने बताया कि परीक्षाएं विद्यार्थियों के जीवन का महत्वपूर्ण चरण होती है जिसमे अनुशासन, ईमानदारी एवं परिश्रम का विशेष महत्व होता है। उन्होंने केंद्रीयकृत परीक्षा कार्य में लगे सभी केन्द्राध्यक्षों, समन्वयको, शिक्षकों, एवं प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग की सराहना की। व्याख्याता पूरन लाल साहू ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण बना रहा जो शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं प्रशासन के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। परीक्षा कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए संकुल केंद्र बिजली के नोडल दिनेश कुमार साहू, संकुल समन्वयक भुवन यदु, केन्द्राध्यक्षो, शिक्षकों एवं पर्यवेक्षको का सराहनीय योगदान रहा।

### चावल उत्सव मनाया गया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में चावल उत्सव मनाया गया। इस दौरान सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर, सचिव चंद्रमणि चंद्राकर, पटवारी रामनारायण चंद्राकर, पंचगण व ग्रामीण उपस्थित रहे। सरपंच वीणा चंद्राकर ने कहा कि 7 अप्रैल को चावल उत्सव मनाया गया। जिसमें हितग्राहियों को तीन महीने अप्रैल, मई, जून का राशन एकमुश्त वितरण किया जा रहा है।

---

**समस्या : शहर की मुख्य सड़कों से लेकर अंदरूनी गलियों तक काले सांडों का जमावड़ा**

# सड़कों पर नंदी का खौफ, आस्था व सुरक्षा के बीच उलझे शहरवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अंचल का प्रमुख व्यापारी एवं औद्योगिक केंद्र माने जाने वाला नवापारा शहर इन दिनों एक नई समस्या से जूझ रहा है। शहर की सड़कों, गलियों और चौक-चौराहों पर इन दिनों सांडों का असामान्य जमावड़ा देखने को मिल रहा है। स्थिति यह है कि सुबह से लेकर देर रात तक शहर का शायद ही कोई ऐसा इलाका बचा हो, जहां सांड नजर न आते हों। स्थानीय लोगों के अनुसार, इन सांडों को बाहर से लाकर शहर में छोड़े जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इन्हें कौन और क्यों छोड़ रहा है, लेकिन इनकी बढ़ती संख्या ने आमजन के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। नवापारा के मुख्य मार्गों से लेकर अंदरूनी बस्तियों तक, हर जगह सांड बेखौफ घूमते नजर आ रहे हैं। बाजार क्षेत्र, स्कूलों के आसपास और व्यस्त सड़कों पर भी इनका जमावड़ा लगा रहता है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक बन गई है।

**आस्था और डर का अनूठा संगम-** हिंदू धर्म में सांड को भगवान शिव के वाहन नंदी का प्रतीक माना जाता है। इसी कारण लोग इनके प्रति कठोर कदम उठाने से कतराते हैं। कई लोग मानते हैं कि सांड को मारने-पीटने या भगाने से वह उग्र हो सकता है और बाद में हमला कर सकता है। यही वजह है कि लोग चाहकर भी इनसे दूरी बनाए रखने के अलावा कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रहे हैं। सांडों के हमले से कई घटनाएं हो चुकी हैं। जानकारी के अनुसार, आधा दर्जन से अधिक लोग इनके हमले में घायल हो चुके हैं। कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं-किसी का हाथ या पैर फ्रैक्चर हुआ, तो किसी की कमर में गंभीर चोट आई। कुछ घायलों को अस्पताल में भर्ती तक कराना पड़ा। सड़कों पर अचानक सांडों के दौड़ने या लड़ने की घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। कई बार सांड आपस में भिड़ जाते हैं और राहगीर इसकी चपेट में आ जाते हैं। शहर के नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए। सांडों को पकड़कर गौशाला या सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए, ताकि शहर में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। नवापारा शहर में सांडों की बढ़ती संख्या अब आस्था और सुरक्षा के बीच संतुलन की चुनौती बन गई है। यदि समय रहते इस पर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को मिलकर इसका समाधान निकालना होगा, ताकि शहरवासियों को राहत मिल सके।







### रात के अंधेरे में ब्लैक सांड बन रहे काल

खास बात यह है कि आज शहर के मेन रोड से लेकर इंदिरा मार्केट, गंज मार्ग, सोमवारी बाजार, शासकीय हरिहर हाई स्कूल के सामने, पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक एवं रायपुर-राजिम मेन रोड में घुमकर जो तस्वीर लिया है उन तस्वीरो में अधिकतर सांड ब्लेक कलर की है जो रात के समय अंधेरे में दिखाई नही पड़ते जिसके चलते दोपहिया वाहन चालक गंभीर दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। जानकारों के मुताबिक यदि लावारिश मवेशियों अथवा दो सांड को एक जगह देखें तो तुरंत वहां से हट जाएं अथवा रास्ता बदल लें या उनसे पर्याप्त दूरी बनाकर चलें। यह भी ध्यान रखना होगा कि पत्थर फेंकना या उन्हें डराना और अधिक आक्रामक बना सकता है। खासकर बच्चों को अकेले ऐसे चौराहों पर न जाने दें। कई बार सांड की लड़ाई में वाहनों को भारी क्षति पहुंची है। दुकानदार, सब्जी व्यवसायी या फिर फल, फ्रुट वाले सांडो को देखते ही या तो आलु या दीगर खाद्य पदार्थ देते है अथवा केला जिसे वे खाकर निकल लेते है। सबसे बड़ा कारगर उपाय इनके ऊपर पानी डाल दो तो वे ऐसे ही चले जाते है। यदि डंडा या लाठी दिखाए तो समझो आपकी खैर नही। वे अच्छी तरह से घुरकर देखते है और पहचान लेते है तथा समय आने पर अचानक हमला कर देते है। वैसे सांड को भोलेनाथ शिवजी का नंदी माना जाता है। राजिम के रांवड़ गांव की बात करे तो अनंत चतुर्दशी के दिन बाकायदा इन्हें श्रृंगारित कर एक-एक घरो के सामने घुमाया जाता है जहां मातृशक्तियां चौक चंदन लगाकर आरती कर कुछ खाने के लिए देती है और आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। ये परंपरा सालो साल से चला आ रहा है।

---

## हल्बा-हल्बी समाज की वार्षिक बैठक में सामाजिक एकजुटता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका



अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा/हल्बी समाज गड़ बिंद्रा नवागढ़ परिक्षेत्र का वार्षिक बैठक गरियाबंद जिले के पोंड पांडुका में संपन्न हुआ। वार्षिक बैठक में जिले के लगभग 25 गांव के सभी सामाजिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सहित मातृशक्ति/पितृशक्ति, कर्मचारी प्रकोष्ठ, युवा/युवती प्रभाग की उपस्थिति में आराध्य देवी माई दंतेश्वरी, महात्मा सावित्री ज्योतिबा फूले जी, भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी, शहीद गैंदसिंह नायक और सुखदेव (पातर) हल्बा के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान पीला चांवल का टीका, गुलाल लगाकर किया गया। जिसके बाद नन्ही बच्चो द्वारा अतिथि सत्कार में आदिवासी संस्कृति पंचतत्व से लिपटी सनी हुई गीतो की प्रस्तुति ने सभा को मनमोहक बना दिया बच्चो की नृत्य ने सभी को अपनी मिट्टी का अहसास करा दिया, और खूब तालियां बजाईं। बैठक का उद्देश्य सालभर का आय व्यय का लेखा जोखा, समाज को संगठित करना, समाज में स्वतंत्रता, समानता, मानवता, एकता एवम भाईचारे की भावना जागृत करना है। साथ ही समाज में शिक्षा, रोजगार, के अवसर प्रदान करना, मोबाइल फोन का सदुपयोग करना, नशा का नाश करना, सामाजिक प्रकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयो पर चर्चा परिचर्चा किया गया। बैठक में गढ़ अध्यक्ष जैतराम नाग ने समाज को संगठित करने पर अपने विचार रखे। गढ़ सचिव पोखराज चिंडा द्वारा सामाजिक विकास उत्थान पर चर्चा की गई। सलाहकार बोधन कांशी ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। सिहावा संभाग उपाध्यक्ष लीलाम्बर सोम ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर अपनी चिंता जाहिर किये। कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष रोहित बोर्झा ने महिलाओ को रोजगार सृजन कर शसक्त समाज निर्माण पर अपनी बाते रखी। मातृ शक्तियों की ओर से कहा गया की आने वाले दिनों में जाति जनगणना होना है जिस पर ध्यान देने की जरूरत है जरा सा भी चूक हमारे वर्तमान एवम भविष्य के लिए बहुत बड़ा समस्या पैदा कर सकती है।समाज में शिक्षा और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयो पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है। समाज में दुर्व्यसन की ओर बढ़ते कदम पर अपनी चिन्ता व्यक्त करते हुए समाज को इस विषय पर चिंतन, मनन करने एवं प्रत्येक गांव में कार्यशाला आयोजित कर इसके दुष्परिणाम को रोकने तथा आदिवासी समाज के रीति नीति संस्कृति एवम परंपराओं को संजोकर रखने की बात कही गई।



### शिवमंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारी जोरों पर

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के बस स्टैंड स्थित प्राचीन शिवमंदिर का भव्य निर्माण कार्य पूर्णतः की ओर है। प्राचीन शिवमंदिर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जहां भगवान भोलेनाथ की शिवलिंग को नवीन स्थान पर प्राण प्रतिष्ठा के लिए जोरशोर से तैयारी जारी है। इस संबंध में समिति के सदस्यों ने आचार्य नंदकिशोर चौबे से मुलाकात कर पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। जिसमें आगामी 08 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ तीन दिनों तक कार्यक्रम आयोजित किया जायेंगा। इस दौरान अनेक धार्मिक कार्यक्रम एवं भंडारा का भी आयोजन किया जायेगा जिसको लेकर तैयारी की जा रही है। मैनपुर के वरिष्ठ नागरिक थानुराम पटेल, नरेश सिन्हा, मोहित द्विवेदी, आर्यन पटेल, देवराज साहू ने बताया की प्राचीन शिवमंदिर भव्य जीर्णोद्धार कार्य लगभग पूर्णतः की ओर है और आचार्य नंदकिशोर चौबे को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है।

## इंद्रकुमार साहू ने पेंशनर्स समाज के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





मंगलवार को छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील इकाई नवापारा के 13वां स्थापना दिवस एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविशंकर साहू, संरक्षक झब्बू देवांगन, श्रीराम सोन, कुलंजन साहू एवं मनहरण वर्मा, संजय वंडलकर, शिवकुमार तिवारी, त्रिवेणी साहू, यशवंत साहू, भरोसी साहू, हरिराम साहू, मेघनाथ यादव सहित सभी मनोनीत पदाधिकारियों व मुख्य सलाहकारों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम पेंशनर समाज भवन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्रकुमार साहू ने पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि समाज के लिए स्वर्णिम 60-65 साल विताकर आए हुए सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को उनकी गरिमा के अनुकूल लाभ मिलेगा। प्रांत सह कार्यवाह गोपाल यादव ने पेंशनर्स समाज के मुख्य धारा में जुड़कर शासन प्रशासन आम जनता के सेवा में अपने आपको अर्पित करें। यह संगठन सभी जाति धर्म एवं सामाजिक समरसता का अच्छा उदाहरण है जिसमें सभी पेंशनर्स सदस्य आज एकत्रित होकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविशंकर साहू को अपना अध्यक्ष मानकर उनके दिशा निर्देश में काम करने का आश्वासन सहित शपथ लिया है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्राचार्य आ.बी.शर्मा का भावपूर्वक उदबोधन सुनकर सभी पेंशनर्स भावुक हो गए। कार्यक्रम में नगर पालिकाअध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने कहा कि आगामी समय में पेंशनर्स समाज को एक नया मीटिंग हॉल बनाकर देंगे। कार्यक्रम में राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल, पार्षद निर्मला साहू, जीना निषाद, नम्मू नारयण ध्रुव, सहदेव कंसारी, पवन गुरु पंच, अनुज साहू, बिसौहाराम साहू, मनीराम साहू, प्रफुल्ल दुबे, श्री वर्मा, रमेश साहू, गैंदलाल साहू, देवेंद्र साहू, आलोक साहू, संचालन हरिराम साहू ने किया। इस अवसर पर प्रांतअध्यक्ष चेतन भारती का सम्मान किया गया।

---

## एलपीजी संकट, इंडक्शन की ओर बढ़ा महिलाओं का रुझान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

■ संकट के समय में पीएम सूर्य घर योजना बना सहारा

खाड़ी देशों में युद्ध से भारत समेत विश्व में एलपीजी एवं पेट्रोल डीजल की संकट बढ़ा है। गैस सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित होने से महिलाओं को रसोई में समस्या भी होने लगी थी। किंतु महिलाओं ने गैस की समस्या के कई वैकल्पिक साधन भी जुटा राष्ट्रव्यापी समस्या का काफी हद तक निदान कर लिया है। अधिकतर घरों में महिलाओं ने एलपीजी का उपयोग कम कर इलेट्रिक चूल्हा - इंडक्शन का इस्तमाल करना आरम्भ कर दिया है। जिसके लिए इलेट्रिक चूल्हे-इंडक्शन में इस्तमाल होने वाले बर्तन खरीदकर घरेलू गैस की खपत भी कम हो गई है। चूंकि भारत में विद्युत की आपूर्ति पर्याप्त है और इंडक्शन का उपयोग आसान है। इसलिए महिलाओं का कहना है कि इंडक्शन का उपयोग से रसोई बनाने में कोई तकलीफ नहीं होती है। अब रसोई पूर्णतः गैस पर आश्रित नहीं है। कई महिलाओं का कहना है कि घरों में सोलर पैनल लगने से रसोई 70 से 80 प्रतिशत खाना इंडक्शन में बन रहा है। सोलर पैनल होने से बिजली के बिल का अतिरिक्त भार भी नहीं लग रहा है। बल्कि गर्मी में घर के सारे विद्युत उपकरण के अतिरिक्त विद्युत चूल्हा-इंडक्शन भी सोलर पैनल से चल रहा है। देश में एलपीजी संकट के समय में महिलाओं की सूझबूझ से रसोई का प्रबंधन निश्चित रूप से ऊर्जा संकट के निदान की दिशा में अमूल्य योगदान है।

**पीएम सूर्य घर योजना का मिल रहा है लाभ-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्युत ऊर्जा के वैकल्पिक साधन के रूप में घरों में सोलर पैनल लगाने के लिए पीएम सूर्य घर योजना आरम्भ की थी। जिसके लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लाभार्थियों को सब्सीडी एवं लोन भी उपलब्ध कराया गया है। ऊर्जा संकट के समय में 'पीएम सूर्य घर योजना' सबसे बड़ा संकट मोचन बनकर सामने आया है। सोलर पैनल लगा चुके घरों में विद्युत उपकरणों के अतिरिक्त इलेट्रिक



चूल्हा- इंडक्शन का उपयोग रसोई बनाने के लिए किया जा रहा है। जिससे गैस सिलेंडर पर निर्भरता काफी हद तक दूर हो गई है। नगर के इलेट्रिक एवं बर्तन दुकानदारों ने बताया कि विगत एक माह में इंडक्शन एवं इंडक्शन में उपयोग किए जाने वाले बर्तनों की बिक्री दुगुना-तिगुना बढ़ी है। चूंकि इंडक्शन विद्युत से चलता है और इसका उपयोग आसान है इसलिए भी लोग इंडक्शन का उपयोग कर रहे है। बर्तन व्यापारियों ने बताया कि अब मल्टी यूजेस बर्तन दुकानों में उपलब्ध है। ऐसे कुकर, कड़ाही, और बर्तन उपलब्ध है जिसका उपयोग गैस एवं इंडक्शन दोनों में किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में गैस के विकल्प के रूप में इलेट्रिक गैस चूल्हे का उपयोग किया जा रहा है। ग्राम डोंगीतराई की गृहिणी ललिता निर्मलकर ने बताया कि गैस सिलेंडर के अनुपलब्धता के कारण घर खाना इंडक्शन से बन रहा है। इंडक्शन पर चावल, दाल, सब्जी बनाना आसान है। इंडक्शन के उपयोग से एलपीजी सिलेंडर की 70 से 80 प्रतिशत खपत कम हो गई है।

## नपा अध्यक्ष ने हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा प्रदान किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भवन अनुज्ञा प्रदान किया। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना नगर विकास गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय योजना है। देश के समग्र विकास और जनकल्याण के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के माध्यम से कई जरूरतमंद परिवारों का अपने पक्के घर का सपना साकार हो रहा है, जो निश्चित रूप से सराहनीय पहल है। इस अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष पूर्णिमा चन्द्राकर, सभापति आकाश सिंह राजपूत, पार्षद बलराम यादव ,पार्षद प्रतिनिधि उत्तम निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



**नपा अध्यक्ष ने हितग्राहियों का किया सम्मान**

**नवापारा-राजिम।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस अवसर पर नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के तत्वावधान में वार्ड नं 4 दीनदयाल उपाध्याय नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का सम्मान किया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की अध्यक्ष धनमती साहू, अन्नपूर्णा देवांगन, मयाराम साहू, लोमेश्वरी साहू, दयालुराम गाड़ा सहित बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
हड्डी, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# शहीदों की शहादत से साकार हो रहा नक्सल मुक्त प्रदेश का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

देश एवं प्रदेश को नक्सलवाद की समस्या से मुक्त करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा 31 मार्च तक प्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया था, जिसके तहत व्यापक स्तर पर सुरक्षा बलों और प्रशासन ने संयुक्त रूप से कार्य किया। इस अभियान का सकारात्मक प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है और प्रदेश नक्सल मुक्त होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस मिशन के दौरान अनेक छोटे-बड़े नक्सलियों ने अपने हथियार, गोला-बारूद और संसाधनों के साथ आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने सरकार की योजनाओं, संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर विश्वास जताते हुए मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है। शासन द्वारा भी आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे वे सामान्य जीवन जी सकें। लेकिन इस सफलता के पीछे सुरक्षा बलों के जवानों और क्षेत्र के युवाओं का बहुत बड़ा बलिदान छिपा हुआ है। नक्सल विरोधी अभियानों में कई वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। इन शहीदों के बलिदान ने नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। क्षेत्र के लगभग पांच जवान नक्सली मुठभेड़ों में शहीद हुए हैं, जिनकी याद में उनके गांवों में आदमकद प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।

## नक्सलियों के खात्मे की ओर बढ़ते कदम

### वीर जवानों का बलिदान, अमर गाथाएं

विशेष रूप से कोसम बूढ़ा में शहीद जवान की स्मृति में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। यह प्रतियोगिता न केवल खेल भावना को बढ़ावा देती है, बल्कि शहीद की याद को जीवंत बनाए रखने का एक सशक्त माध्यम भी बन गई है। बस्तर के कोयलीबेड़ा क्षेत्र के निवासी महेंद्र ठाकुर ने नक्सली मुठभेड़ में वीरगति प्राप्त की थी। 21 अक्टूबर 2011, धनतेरस के दिन जब उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, तो पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। नगरवासियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी वीरता को नमन किया। कोसम बूढ़ा में उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित कर उन्हें अमर कर दिया गया है।





### आयोजन और सम्मान: नई पीढ़ी को प्रेरणा

इसी प्रकार होमेश्वर ठाकुर, फनेश्वर सिन्हा और कृष्ण कुमार निर्मलकर जैसे वीर जवानों ने भी 23 मई 2011 को आमा मोरा सोना बेड़ा क्षेत्र में नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। ये सभी अलग-अलग ग्रामों – सोरिद, भैंसा मुड़ा और कामराज के निवासी थे। इनकी शहादत आज भी लोगों के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। हाल ही में 28 सितंबर 2023 को ग्राम जरगांव के कोबरा बटालियन के जवान राजेश ध्रुव की झारखंड में नक्सलियों द्वारा लगाए गए ग्रेनेड विस्फोट में मृत्यु हो गई। उनके बलिदान ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि देश की सुरक्षा के लिए जवान किस हद तक समर्पित हैं।इन सभी शहीदों के बलिदान ने न केवल क्षेत्र बल्कि पूरे प्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके त्याग और साहस को क्षेत्रवासी कभी भुला नहीं सकते।

---



## गांव- गांव में लहराया कमल ध्वज विकसित भारत का लिया संकल्प

**राजिम।** क्षेत्र के पोखरा गांव में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने निज निवास पर पार्टी का ध्वज फहराकर संगठन के प्रति अपनी आस्था निष्ठा और संकल्प को पुनः व्यक्त किया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष रोमन दास बंजारे, भाजपा नेता रोशन साहू ने भाजपा का झंडा फहराते हुए अपने संदेश में कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने और विकासोन्मुखी एजेंडे के माध्यम से देश को नई दिशा देने का कार्य किया है। आगे कहा कि कार्यकर्ता स्तर पर सशक्त जनसंपर्क और संवाद ही पार्टी के विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है इसी उद्देश्य के साथ निरंतर क्षेत्र में सक्रिय रहकर भाजपा संगठन को मजबूत बनाने और जनता की समस्याओं का समाधान के लिए हम कार्यकर्ता प्रतिबद्ध है।

## नपा सभापति आकाश राजपूत ने विभूतियों को किया नमन



**राजिम।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर नगर पालिका राजिम के सभापति आकाश सिंह राजपूत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र सेवा, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर उन्होंने अपने निवास पर भाजपा का ध्वज लगाकर पार्टी के प्रति सम्मान व्यक्त किया और कहा कि वे उन सभी महान विभूतियों को कोटि-कोटि नमन करते हैं, जिनकी निःस्वार्थ सेवा, त्याग और समर्पण से पार्टी आज इस गौरवशाली शिखर तक पहुँची है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए नगर के समग्र विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## भाजपा का पालिका घेराव आज

**अभनपुर।** नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाजपा मंडल अभनपुर के नेतृत्व में 8 अप्रैल को नगर पालिका अभनपुर घेराव एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष रूपनारायण साहू ने बताया कि विकास कार्यों में बाधा और जनता की समस्याओं को लेकर पहले ही अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। कार्यक्रम में मंडल पदाधिकारी सहित पार्षदगण एवं नगरवासी शामिल होंगे।

---

### पहल : जनसहयोग से गढ़ा विकास का आदर्श मॉडल

# धार्मिक व सामाजिक गतिविधियों से आदर्श ग्राम की परिकल्पना हो रही साकार : इंद्राणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

श्यामनगर स्थित मुक्तिधाम परिसर गार्डन में पेवर ब्लॉक निर्माण एवं नक्षत्र, ग्रह एवं राशि वाटिका का भूमिपूजन कर मुख्य अतिथि इंद्राणी-नेहरू साहू ने कहा कि ग्राम श्यामनगर, जनसहयोग से विकास का जो मॉडल प्रस्तुत किया है, वह अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक है। यहां स्वच्छता, वृक्षारोपण, धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से एक आदर्श ग्राम की परिकल्पना साकार होती दिखाई दे रही है। ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। मुझे भी इस ग्राम के विकास में योगदान देने का अवसर मिला, यह मेरे लिए गर्व की बात है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक प्रेमलाल साहू ने कहा कि समाज के सहयोग से ही वास्तविक परिवर्तन संभव होता है। श्यामनगर के लोगों ने यह सिद्ध कर दिया है कि एकजुट होकर सीमित संसाधनों में भी बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। नक्षत्र, ग्रह एवं राशि वाटिका जैसी पहलें हमारी संस्कृति, आस्था और पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। विभाग प्रचारक ठाकुर राम यादव ने कहा कि ग्राम विकास केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं होता, बल्कि सामाजिक चेतना, संस्कार और सामूहिक जिम्मेदारी से ही सच्चा विकास संभव होता है। श्यामनगर में हो रहे कार्य अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत हैं।भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि जनप्रतिनिधि और जनता के सामूहिक प्रयास से ही विकास को गति मिलती है। श्यामनगर में जनसहयोग से हुए कार्य यह दर्शाते हैं कि यदि सभी मिलकर संकल्प लें तो किसी भी गांव को आदर्श गांव बनाया जा सकता है। भविष्य में भी विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने जनसहयोग से विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विभाग सदभावना प्रमुख रूपेंद्र साहू, उपसरपंच वामन निर्मलकर ,सखाराम साहू, कृशलाल साहू, सेवाराम साहू, नेहरू साहू, छन्नू साहू, चितरंजन साहू, कोमल साहू, डॉ. हरीश साहू, रंजीत पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

■ मुक्तिधाम परिसर में नक्षत्र एवं राशि वाटिका का भूमिपूजन



### क्षत्र, ग्रह एवं राशि वाटिका

मालूम हो कि जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू ने मुक्तिधाम परिसर गार्डन में पेवर ब्लॉक निर्माण के लिए 7 लाख रुपए राशि स्वीकृत किया। यहां भूमिपूजन समाजसेवी प्रेमलाल साहू के जन्मदिन के अवसर नक्षत्र, ग्रह एवं राशि वाटिका का भूमिपूजन किया गया। यह वाटिका भारतीय संस्कृति, ज्योतिष एवं पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संगम है। नक्षत्र वाटिका में 27 नक्षत्रों, ग्रह वाटिका में 9 ग्रहों तथा राशि वाटिका में 12 राशियों से संबंधित पौधों का रोपण किया जाता है। इससे प्राकृतिक संतुलन, सकारात्मक ऊर्जा एवं आध्यात्मिक चेतना का विकास होता है। यह पहल आने वाली पीढ़ियों को प्रकृति से जोड़ने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देगी।

### सैकड़ों औषधीय पौधों का रोपण

ग्राम श्यामनगर में ग्रामवासियों एवं समर्पण ग्रुप के सहयोग से गांव को हरिहर ग्राम बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। पथ वृक्षारोपण, स्कूल परिसर में वृक्षारोपण, शौचालय एवं क्यारी निर्माण, सांस्कृतिक मंच निर्माण सहित फूलदार, फलदार एवं औषधीय सैकड़ों पौधों का रोपण किया गया है, जो अब विकसित होकर हरियाली को बढ़ा रहे हैं। इसके अतिरिक्त ग्राम में पानी टंकी निर्माण एवं लगभग तीन एकड़ परिसर में गार्डन निर्माण जैसे कार्य भी जनसहयोग से लाखों रुपए की लागत से पूर्ण किए गए हैं। विशेष रूप से वर्ष 2018 से ग्राम में प्रतिदिन सुबह 9 बजे लाउडस्पीकर के माध्यम से राष्ट्रगान का नियमित आयोजन किया जा रहा है, जो ग्राम की एकता, अनुशासन एवं देशभक्ति का प्रतीक है।



---



## संगठन की मजबूती ही कांग्रेस पार्टी की असली ताकत : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने की कवायद तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज एवं पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा तथा ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू के आह्वान पर राजिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत फिंगेश्वर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्राम कौंदकेरा के दो बूथ एवं रवेली में संगठन सृजन अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रूपेश साहू तथा महामंत्री एवं मंडल प्रभारी दुर्गा प्रसाद सिन्हा ने किया। इस दौरान कौंदकेरा मंडल के दो बूथों में नई कमेटियों का गठन किया गया। पंचायत, वार्ड एवं बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं के साथ व्यापक चर्चा की गई।

मंडल प्रभारी दुर्गा प्रसाद सिन्हा ने पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्षों के गठन के साथ ही संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा,कांग्रेस संगठन की मजबूती ही पार्टी की असली ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर जनसमस्याओं को उठाने और भाजपा सरकार की विफल योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने संगठन विस्तार को आगामी चुनावों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी पदाधिकारियों से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इसके माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने का संकल्प लिया गया तथा जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया गया, ताकि आगामी राजनीतिक गतिविधियों में कांग्रेस को मजबूती मिल सके। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू, ब्लाक महामंत्री-दुर्गा प्रसाद सिन्हा (मण्डल प्रभारी), थानेश्वर बंजारे (मण्डल प्रभीरी) मण्डल, अध्यक्ष-खिलेश साहू, बिहारी निषीद, गोपी राम, नारद, हिरासत, धनुर्धर, पुष्पेन्द्र, दुश्मनों। लोकेशन, चित्रसेन कमलेश्वर, बूथ कमेटी रवेली अध्यक्ष गणेश निषाद, उपाध्यक्ष महेश निषाद, कोषाध्यक्ष-बिष्णु घोघरे, महामंत्री नारद निषाद, खोमन पटेल, सचिव-गिरधारी विश्वकर्मा, सचिव-शिव कुमारी काश्यप, पुष्पेन्द्र निषद,जयराम निषाद शरण कश्यप, तुलसी निषाद, रामेश्वरी निषाद इत्यादि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति थी।

---

# कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए वार्ड और बूथ कमेटियों का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को जमीनी स्तर में मज़बूत करने के लिए पंचायत अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष और बूथ कमेटी का गठन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में छुरा मंडल के तहत छुरा नगर के विभिन्न वार्डों में वार्ड कमेटी और बूथ कमेटी का गठन किया जा रहा है, जिसमें वार्ड अध्यक्ष 2 महामंत्री, 2 सचिव एक कोषाध्यक्ष एक उपाध्यक्ष, एक मीडिया समन्वयक और चार कार्यकारिणी सदस्य बनाना है , हर वार्ड में वहां के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बुला कर सब के सलाह से ही इस बार गठन करना है। पूरे पारदर्शिता के साथ, इसी परिपेक्ष्य में कल छुरा के वार्ड 11,12,13,14,15, के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आहूत करके सर्व सम्मति से वार्ड कमेटी का गठन किया गया। छुरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश्वरी शाह ने कहा कि बीजेपी के कुशासन से परेशान होकर हर बैठक में भारी संख्या में लोग आ रहे हैं और कांग्रेस प्रवेश भी के रहें हैं।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को संगठित होकर काम करने कहा और आने वाले चुनाव में इस सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान भी किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महेश्वरी शाह ब्लॉक अध्यक्ष, अब्दुल शमीम खान नगर पंचायत उपाध्यक्ष, नीलकंठ ठाकुर मंडल अध्यक्ष, अवधेश प्रधान जिला महामंत्री, राजकुमारी सोनी पूर्व महिला जिलाध्यक्ष, हरीश यादव प्रशासनिक महामंत्री, सलीम मेमन ब्लॉक कोषाध्यक्ष, देवसिंह नेताम ब्लॉक उपाध्यक्ष,हाजी सुल्तान खान पूर्व पार्षद, पार्षद रामजी दीवान शांतनु देवांगन दीप्ति यादव, सपना कंसारी, श्वेता चंद्राकर ब्लॉक सचिव, मुस्कान साहू, शकुन नामदेव, बालचंद सिन्हा, घनश्याम यादव, राजू यादव, सुभद्रा ध्रुव, देवी ध्रुव, देश बाई, और भारी संख्या में महिला पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।



---

# करकरा स्कूल में 5वीं के बच्चों को दी विदाई

**मुड़ागांव (कोरासी)।** शासकीय प्राथमिक शाला सतनामीपारा करकरा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा पांचवीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, ग्रामवासी एवं पालकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एमआर खान, प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल रानीपरतेवा तथा विशेष अतिथि के रूप में सुषमा गिलहरे (संकुल समन्वयक), भुवनेश्वर साहू (शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष), दिलीप देवांगन (प्रधान पाठक), गजेन्द्र साहू (शिक्षक), टुमन निषाद (शिक्षक) एवं सौरभ दुबे (व्याख्याता) मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां शारदे के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। स्वागत-सम्मान की कड़ी में एम.आर. खान को प्राचार्य फेडरेशन के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर शिक्षकगण एवं पालक समिति के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा कक्षा पांचवीं के छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि एमआर खान ने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम कर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं सुषमा गिलहरे, टुमन निषाद एवं सौरभ दुबे ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कक्षा पांचवीं के छात्र-छात्राओं रूपम, भाग्यश्री, युक्ता साहू, गौरव, निकिता, वाशु, वरुण एवं चूमेश्वर का विशेष योगदान रहा। साथ ही पालक सदस्य नीलकंठ पटेल, रवि यादव, धीमान पटेल, राधे कृष्ण यादव, खिलेश्वरी साहू, राधिका निषाद, लता निषाद, पूर्णिमा निषाद एवं समस्त ग्रामवासियों का भी सराहनीय सहयोग रहा।






